**28 फरवरी, 2021**

**25वां संग्राम सिंह कप राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में संबोधन**

........

**स्थल:  श्रीराम रेयंस खेल मैदान, कोटा**

........

- आज 25वां संग्राम सिंह कप राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यधिक खुशी हो रही है।
- मैं टूर्नामेंट के फाइनल के अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम के विजेता बनने पर विजयी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। साथ ही, उपविजेता टीम का भी हार्दिक अभिनंदन करता हूँ कि उन्होंने उत्कृष्ट खेल दिखाया।
- मैं इस टूर्नामेंट के आयोजकों को बधाई देता हूँ कि उन्होंने संग्राम सिंह कप का आयोजन कोटा के श्रीराम रेयंस खेल मैदान में किया है। इस अवसर पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम एवं उभरती हुई प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा रहा है।
- ये प्रतिभाएं ऐसी है जो हमें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गौरवान्वित करने की क्षमता रखती हैं। आप सभी का अभिनंदन है, स्वागत है।
- यहां होने वाला यह भव्य आयोजन हमारे लिए प्रेरणादायी है। मैं इस बात को लेकर भी आशान्वित हूँ कि सबके सम्मिलित प्रयासों से धीरे-धीरे हमारे यहां कोटा में खेल संस्कृति का विकास हो रहा है।
- हॉकी से हमारे कोटा का काफी पुराना संबंध रहा है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के सुपुत्र अशोक कुमार ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय कोटा में ही बिताया है।
- **जब वह कोटा में थे तब ही उनका चयन भारतीय हॉकी टीम के लिए हुआ था। 1975 की विश्व विजेता हॉकी टीम के वे सदस्य थे।**
- **अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार जी ने कोटा में हॉकी के खेल को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब सभी लोग मिलकर इस खेल की लोकप्रियता में और वृद्धि कर रहे हैं। यह प्रशंसनीय है।**
- आज के फाइनल मैच के पश्चात विजेता टीम और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया जा रहा है।
- हॉकी एक बहुत ही ऊर्जावान खेल है। इसमें भी अन्य खेलों की तरह दो टीमों में मुक़ाबला होता है। आज यहां हुए इस रोमांचक मैच को देखकर मुझे बहुत अच्छा  लगा।

- किस प्रकार की योजना बनानी है। कैसे ज्यादा गोल करना है, अपना गोलपोस्ट बचाना है, यह देखकर अच्छा लगा। कुछ खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैं सभी खिलाडियों के बेहतर भविष्य की कामना करता हूँ।
- **मित्रो, पहले हमारे समाज में शैक्षिक योग्यताओं को ही ऐसा एकमात्र साधन माना जाता था, जिससे लाभप्रद रोजगार और आर्थिक सुरक्षा प्राप्त होती है।**
- **पहले कभी कहा जाता था कि 'पढोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब।'** परंतु खेल के विषय में अब हमें दृष्टि बदलनी होगी। अब सब कुछ बदल गया है।
- **यदि आप अच्छे खिलाडी हैं, तो यह आपके और देश, दोनों के भविष्य के लिए बेहतर है। खेल अब एक करियर विकल्प बन गए हैं। खेल हमें यह सिखलाते हैं कि कैसे बेहतर टीम वर्क किया जाए।**
- खेलों को बढावा देने के लिए सभी सरकारों ने प्रयास किए हैं। वर्तमान सरकार ने वर्ष 2015 से 'खेलो इंडिया अभियान' के माध्यम से गांव-गांव से ऐसे प्रतिभाओं की तलाश शुरू की है, उन्हें तराशना शुरू किया है।
- **राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में हमारे प्रदेश और देश का नाम किस प्रकार रोशन हो, इसके लिए लगातार प्रयास होना चाहिए।**
- खेलों से जुड़ी हस्तियों को सम्मानित और प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार और राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं।
- **साथियो, हॉकी एक ऐसा खेल है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलंपिक में निरंतर खेला जाता रहा है। हम चाहते हैं कि भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रतियोगिता में पहले की तरह पदक हासिल करे।**
- सामान्य रूप से हमें यह देखकर प्रसन्नता होती है कि धीरे-धीरे लोग खेलों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाले प्रसिद्ध खिलाड़ियों से प्रभावित हो रहे हैं।
- **अवसर और प्रशिक्षण मिलने पर हमारी खेल प्रतिभाएं कमाल करके देश को गौरवान्वित कर सकती हैं, मुझे ऐसा विश्वास है।**
- **मैं आयोजकों से यह भी निवेदन करता हूँ कि वे हमारी प्रतिभाओं का क्षमता संवर्धन करें एवं उन्हें और प्रोत्साहित करें, निश्चय ही वे सफलता का इतिहास रचेंगे।**
- दोस्तो, खेलों का फिटनेस से भी सीधा संबंध है। यदि आप फिट रहेंगे तभी तो खेल सकेंगे। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और मस्तिष्क का निवास होता है।
- **अपना, अपने परिवार-समाज के लिए तथा देश के लिए हम तभी काम आ सकते हैं जब हम फिट हैं। कहा भी गया है जो फिट है वही हिट है।**

- अत: खेल केवल खेल से ही संबंधित नहीं है। यह हमारे जीवन से भी प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है। यह हमारे स्वस्थ रहने का साधन भी है।

- **जब हमारे यहां खेल की संस्कृति विकसित होती है तो लोग अपने-आप ही फिट होने लगते हैं। स्वस्थ होने लगते हैं।** आप पूछ सकते हैं कि वह कैसे?

- **मैं कहता हूँ यदि आपका खेलों के प्रति प्रेम हैं तो आप निश्चय ही वह खेल खेलेंगे। खेलेंगे तो शरीर से पसीना के रूप में विकार निकलेगा।**

- आप योग इत्यादि भी करेंगे। आप दौडेंगे, उछलेंगे, कूदेंगे। सबसे बडी बात आप नियमित रूप से अभ्यास करेंगे और आपके जीवन में अपने-आप सकारात्मक परिवर्तन होने लगेगा। एक बार स्वामी विवेकानंद जी के पास एक युवक आया एवं उन्होंने उनसे श्री गीता जी पढाने की इच्छा व्यक्त की। तब स्वामी जी ने युवक से कहा कि 6 माह प्रतिदिन फुटबॉल खेलो, फिर आओ, तब मैं गीता पढाऊंगा। उनका कहने का आशय बहुत स्पष्ट था।

- **उनका कहने का तात्पर्य था कि श्री गीताजी के विचारों को समझने के लिए स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन चाहिए। इसके लिए खेल आवश्यक है। अत:, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए खेल में भी एकाग्रचित्त होना आवश्यक है।**

- **यदि हमारे खिलाडी अपने-आपको योग से, स्वस्थ दिनचर्या से जोडेंगे तो वे निश्चय ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकेंगे।**

- हमारे प्रधानमंत्री जी ने भी 'फिटनेस इंडिया अभियान' चलाया है। उनके पीछे का चिंतन बहुत स्पष्ट है। इससे 'एक पंथ दो काज' होता है। एक तो हम निरोग रहते हैं, दूसरे इलाज पर फालतू खर्च नहीं होता है।

- **यदि हम स्वस्थ हैं तभी तो कोई खेल चाहे क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन हो या हॉकी, हम खेल सकते हैं।**

- **खेल हमारे अंदर सकारात्मक गुणों में वृद्धि करते हैं। वे हमारे अंदर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अपने लक्ष्य के प्रति मन को एकाग्रचित्त करने के साथ-साथ टीमवर्क के गुणों का विकास करते हैं। राष्ट्र के योग्य नागरिक के रूप में हम सभी नागरिकों से इन्ही गुणों की अपेक्षा रखते हैं।**

- मैं कोटा में राज्य भर से आए हुए हॉकी के खिलाडियों एवं खेलप्रेमियों का अभिनंदन करता हूँ।

- **वे गर्मजोशी के साथ कोटा पधारे हैं और अपना बेहतरीन खेल दिखाकर सभी खेलप्रेमियों का मनोरंजन किया है।**

- **मैं खेलप्रेमियों का भी अभिनंदन करता हूँ कि उन्होंने खेल को मनोरंजन की दृष्टि से देखते हुए सभी खिलाडियों का मनोबल बढाया है।**

- मैं इस अवसर पर टूर्नामेंट के आयोजकों और प्रायोजकों को पुन: धन्यवाद देता हूँ और साथ ही विजेता और उपविजेता, दोनों टीमों को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए पुन: बधाई देता हूँ और आपके सभी भावी प्रयासों में सफलता की शुभकामना करता हूँ।
- मैं यहां आए अन्य टीमों की भी हौसला अफजाई करना चाहता हूँ। आप सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया होगा। परंतु जिन्होंने सबसे सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया, वे ही जीते हैं। आप सभी टीमें अगली बार के लिए और बेहतर खेलने का प्रयास करें। निश्चय ही आपके प्रदर्शन में सुधार होगा और आप जीत हासिल करेंगे। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ मैं यहां आई प्रत्येक टीम को बधाई देता हूँ।
- कोटा वासियों के लिए निश्चय ही यह सुनहरा मौका था जब उन्होंने खिलाडियों का उत्कृष्ट खेल देखा, उनका लुत्फ उठाया।
- यहां पधारने के लिए सभी कोटावासियों का पुन: हार्दिक अभिनंदन करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

  धन्यवाद।

---------